# चित्रकूट-पुलिस

**(1).** नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वालंबन, महिला सशक्तिकरण, महिला कल्याण एवं बाल विकास के प्रति चलाये जा रहे "मिशन शक्ति अभियान-4" के तत्वाधान में जनपद के समस्त थानों की एण्टी रोमियों टीमों/''शक्ति दीदी'' द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थल एवं ग्रामों में भ्रमण कर महिला एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के प्रति जागरुक किया गया।

"मिशन शक्ति अभियान-4" व ''शक्ति दीदी'' अभियान के तहत आज दिनांक 05.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरूण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद में नोडल अधिकारी मिशन शक्ति क्षेत्राधिकारी राजापुर श्रीमती निष्ठा उपाध्याय के पर्यवेक्षण में समस्त थाना क्षेत्रो में एण्टी रोमियों टीमों द्वारा विभिन्न सार्वजनिक स्थलों एवं ग्रामो में भ्रमण किया गया । महिलाओं/बालिकाओँ को "मिशन शक्ति" व ''शक्ति दीदी'' के सार्वजनिक स्थलो जैसे-चौराहे, बाजारों को असामाजिक तत्वों से मुक्त कराये जाने तथा महिलाओ एवं बालिकाओं के साथ राह चलते छेडखानी, अभद्रता, अश्लील प्रदर्शन तथा अभद्र टिप्पणियाँ इत्यादि की घटनाओं को रोकने के लिये जागरुक किया गया तथा महिला/बालिकाओं को सुरक्षा संबंधित सेवाएँ जैसे यू0पी0-112 नम्बर/वूमेन पावर लाइन 1090/यूपी कॉप एप/181 महिला हेल्प लाइन/1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन/1098 चाइल्ड हेल्प लाइन/102 स्वास्थ्य सेवा/108 एम्बूलेन्स सेवा/1930 साइबर हेल्पलाइन के बारे में जानकारियां दी गई । इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हैल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है । इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओ को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया । इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित "एंटी रोमियो स्क्वायड" टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों यथा- स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चैकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदो/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की।

**(2).** आज दिनाँक 05.07.2025 को पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह निर्देशन में शान्ति एवं सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चित्रकूट पुलिस के थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा थाना/चौकी क्षेत्र के मिश्रित आबादी क्षेत्र एवं भीड़ भाड़ वाले स्थानों पर पैदल गस्त किया गया पुलिस टीमों द्वारा दुकानदारों, व्यापारीबंधुओँ एवं क्षेत्रीय नागरिको से वार्ता कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया। पैदल गस्त के दौरान पुलिस टीम द्वारा सड़क पर हो रहे अतिक्रमण, शराब की दुकान, रेलवे स्टेशनों,होटल/ढाबो, 02/04 पहिया वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की गयी।

**(3).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में गुमशुदा/अपहृतों की बरामदगी हेतु चलाये जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में उ0नि0 श्री मुन्नीलाल व महिला आरक्षी पूनम द्वारा परानु बाबा मंदिर से अपने परिवार से बिछड़ी बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया।

उल्लेखनीय है कि आज दिनांक 04.07.2025 को रूही उम्री 02 वर्ष पुत्री विजय सिंह निवासी गढ़वा थाना मऊ जनपद चित्रकूट जो परानु बाबा मंदिर में अपने परिजन के साथ दर्शन करने आयी थी। उसके माता पिता द्वारा बच्ची को बैठाकर दर्शन करने लगे कि बच्ची घुमते घुमते कही चली गयी थी । परिजन द्वारा सूचना दिया गया कि मेरी पुत्री रूही उम्री 02 वर्ष मंदिर से ही कही पर खो गयी है। काफी खोजबीन किया परन्तु नही मिली। इस सूचना पर तत्काल पुलिस द्वारा खोजबीन कर बच्ची को बरामद कर उसके माता-पिता को सुपुर्द किया गया। बच्ची को पाकर उनके पिता द्वारा पुलिस की भूरि भूरि प्रशंसा की गई।

**(4).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अपराधियों की धरपकड़ हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मानिकुपर श्री श्रीप्रकाश यादव के मार्गदर्शन में चौकी प्रभारी सरैया श्री रामअधार सिंह व उनकी टाम द्वारा अभियुक्त अनिल उर्फ सूर्या उर्फ झींगा नामदेव पुत्र राजा नामदेव निवासी अगरहुड़ा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को 01 अदद तमंचा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध मानिकपुर में 3/25 आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>बरामदगी-</u>**

1. 01 अदद तमंचा 12 बोर
2. 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर

**<u>गिरफ्तारी करने वाली टीम-</u>**

1.चौकी प्रभारी सरैया उ0नि0 श्री रामअधार सिंह
2.आरक्षी मनोज कुमार
3.आरक्षी विनोद

**(5).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण/ब्रिकी की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मऊ श्री दुर्गविजय सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अंकित सिंह व उनकी टीम द्वारा अभियुक्त रामराज पुत्र बोधी निवासी अहिरी थाना मऊ जनपद चित्रकूट को 20 क्वार्टर अवैध देशी शराब मस्तीहू के साथ गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध थाना मऊ पर धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**<u>गिरफ्तार करने वाली टीम-</u>**

1.उ0नि0 श्री अंकित सिंह थाना मऊ
2.आरक्षी सोनपाल

**(6).** पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष सरधुवा श्री राम सिंह के मार्गदर्शन में उ0नि0 श्री अजहर जमाल तथा उनकी टीम द्वारा अभियुक्त ननकवा उर्फ रमेश पुत्र शिवप्रसाद निषाद निवासी बक्टा बुजुर्ग थाना सरधुवा जनपद चित्रकूट को एक पिपिया में 05 लीटर अवैध देशी शराब महुआ के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध थाना सरधुवा में धारा 60 आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

**बरामदगीः-**

05 लीटर कच्ची देशी शराब महुआ

**गिरफ्तारी करने वाली टीमः-**

1.उ0नि0 श्री अजहर जमाल थाना सरधुवा

2.आरक्षी सुजीत कुमार यादव

**(6).** आज दिनाँक 05.06.2025 को जिलाधिकारी श्री शिवशरणप्पा जी0 एन0 व पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसील सभागार कर्वी में किया गया। संपूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त समस्याओं के निस्तारण रजिस्टर का अवलोकन करते हुए निस्तारण आख्या को देखकर सम्बन्धित अधिकारियों समुचित व त्वरित निस्तारण हेतु सम्बन्धित विभागों को निर्देश दिए। प्राप्त शिकायतों में प्रमुख रूप से कानून-व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, राजस्व सम्बंधी मामलों, एवं सामाजिक योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रहीं, जिन्हें सम्बंधित विभागों के अधिकारियों को समयबद्ध रूप से निस्तारित करने हेतु निर्देशित किया गया।

इस दौरान जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान पर्यावरण संरक्षण और मातृत्व के महत्व को बताते हुए द्वारा आये हुए फरियादियों को एक-एक वृक्ष का पौधा देकर उनके समास्याओं को निस्तारण करने सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ने भूमि सम्बन्धित मामलों पर कहा कि राजस्व, चकबंदी एवं पुलिस की संयुक्त टीम बनाकर भूमि संबंधी मामलों को प्राथमिकता पर कब्जा मुक्त कराया जाये।

इस दौरान उपजिलाधिकारी सुश्री पूजा साहू, प्रभागीय वनाधिकारी श्री प्रत्युष कटियार,प्रभारी निरीक्षक कोतवाली कर्वी श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह,पीआरओ श्री प्रदीप पाल एवं राजस्व,पुलिस के अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।